सार समाचार

युवक से मारपीट कर फोन छीना

नगर संवाददाता . उदयपुर। जिले के बावलवाड़ा थाना क्षेत्र में एक युवक ने तीन युवकों के खिलाफ मारपीट कर मोबाईल ले जाने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार सुखलाल पुत्र रमेश चन्द्र बोदर निवासी महुवाल मगरा ढीकवास बावलवाडा ने मामला दर्ज करवाया कि 14 जुलाई को सुबह 9 बजे वह अपनी दादी के साथ बाईक सवार होकर घर से ढीकवास हॉस्पीटल जाने निकले थे। रास्ते में ढीकवास ई मित्र की दुकान पर पैसे निकलने के लिए ई मित्र की दुकान पर गए थे। वहां पर अशोक कुमार पुत्र ईश्वर लाल खोखरिया, रोहित कुमार पुत्र नाथुलाल कसोटा निवासी ढिकवास बावलवाडा इस दुकान में आए और उसे दुकान से बाहर बुलाया। वह बाहर निकला उसे दुकान की साईड में ले जाकर अशोक कुमार ने लोहे की फेट से उसके सिर मे वार कर दिया, जिसे उसके सिर से खून निकल गए और वह नीचे गिर गया। इसके बाद दोनों ने लोहे की फेट व लातो से उसके साथ मारपीट की। उसने शोर मचाया तो दुकानदार व ग्राहक दौडकर बीच-बचाव में आए तो उसकी शर्ट के जेब से उसका फोन निकालकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

किशोरी घर से बिना बताए लापता

नगर संवाददाता . उदयपुर। शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में एक किशोरी घर से बिना बताएं लापता हो गई। पुलिस के अनुसार किरतेश पुत्र छबीलाल मीणा निवासी परसाद फला मोहन डुंगरी परसाद हाल कोला मगरी श्रीराम नगर ने मामला दर्ज करवाया कि 13 जुलाई को वह और उसकी प री मजदूरी पर सेक्टर 5 में गए थे। इनकी पुत्री हेमलता (14) घर पर अकेली थी। दोपहर को किसी काम से आया तो घर से हेमलता गायब मिली। आस-पास पता किया तो हेमलता का कहीं पता नही चला है।

जमीन विवाद में मारपीट करने का मामला

नगर संवाददाता . उदयपुर। जिले के बावलवाड़ा थाना क्षेत्र में एक महिला ने गांव के कुछ लोगों के खिलाफ जमीन विवाद में उसके साथ मारपीट करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार कमुडी देवी पत्नी बाबूलाल खराड़ी निवासी खराडी फला सागवाडा बावलवाडा ने मामला दर्ज करवाया कि 14 जुलाई 4 बजे शाम वह अपने घर के पास पशु चरा रही थी तो बसुलाल पुत्र हाजा, विजय कुमार पुत्र हाजा, मंजुला देवी प ी बसुलाल खराडी निवासी हरवी पंचायत नलां पीपला सागवाडा बावलवाडा आए और उसके साथ गाली-गलौच कर उसका पीछा करने लगे। उसने घर जाने की कोशिश की तो ये उसके पीछ हो गए और उसके साथ मारपीट की, जिससे उसके खून आ गए। शोर होने पर उसका पति आया तो उसके साथ भी मारपीट की। इसके बाद आस-पास के लोगो ने बीच बचाव किया तो ये आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जहरीले जानवर के काटने से शिल्पग्राम बागवान की मौत

नगर संवाददाता . उदयपुर। शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र में काम करने वाले बागवान को शिल्पग्राम में घास की कटाई करते समय सांप काटने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नारायणलाल (59) पुत्र रामाजी डांगी निवासी नोखा सेक्टर 4 जिसे 7 जुलाई को ड्यूटी के दौरान शिल्पग्राम में घास काटने के दौरान जहरीले जानवर ने काट लिया था। इसका प्राथमिक उपचार करवाया था, लेकिन 15 जुलाई को दुबारा तबीयत खराब होने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां दूसरे दिन उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एसआई राजीव शर्मा ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

बोरवेल ट्रक की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत

नगर संवाददाता . उदयपुर। शहर के समीप नाई थाना क्षेत्र में एक बोरवेल ट्रक की टक्क र से एक बाईक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार चेतन कुमार (32) पुत्र डालचंद मीणा निवासी माणस बाघपुरा जो 14 जुलाई को उदयपुर शहर में मजदूरी कर अपने गांव जा रहा था। रास्ते में पई में पीछे से एक बोरवेल के ट्रक ने ओवरटेक किया और ओवरटेक करने के बाद ट्रक को साईड में दबा दी, जिससे इस युवक की बाईक ट्रक से टकरा गई और यह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से एमबी चिकित्सालय उदयपुर रैफर कर दिया गया, जहां पर उपचार के दौरान इस युवक ने दम तोड़ दिया। सूचना पर हैड कांस्टेबल ललित कुमार ने मामला दर्ज कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

घर में घुसकर मारपीट करने का मामला दर्ज

नगर संवाददाता . उदयपुर। जिले के बावलवाड़ा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने एक परिवार के सदस्यों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार अमित कुमार पुत्र हिरालाल मोडिया निवासी कातरवास कलां बावलवाडा ने मामला दर्ज करवाया कि 14 जुलाई को शाम 6 बजे दुकान पर घरेलू सामग्री लेने गया था। दुकान के पास जाकर बैठा था तो अचानक प्रवीन पुत्र लालू मोडिया, जोनी पुत्र लालू मोडिया निवासी कातरवास कलां बावलवाडा दोनों बाईक लेकर आए और आते ही उस पर हमला कर दिया। उसके साथ फेंट व हंटर से मारपीट कर घायल करके बाईक लेकर भाग गए। वह अपने घर पर आया तो प्रवीन मोडिया, जोनी मोडिया, अमृत मोडिया, हाजुदेवी मोडिया निवासी कातरवास कलां बावलवाडा व इनकी माता हातुदेवी ने घर पर हमला कर दिया। आरोपियों ने उसके घर पर धारिया, चाकू, लट्ट लेकर घर चढ गए। आरोपियों ने उसके साथ व उसके भाई व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट करने लगे और फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

युवती को गर्भवती करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नगर संवाददाता . उदयपुर। शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर तीन साल तक लिव ईन रिलेशनशिप में रखकर युवती को गर्भवती बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया। डिप्टी कैलाशचंद्र ने बताया कि तीस वर्षीय युवती ने 14 जून 2023 को सुखेर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि जब वह पढ़ाती थी तब से सदाकत हुसैन पुत्र चांद मोहम्मद निवासी लौहार कॉलोनी आयड़ हाल रूपनगर कच्ची बस्ती उसके पिछे पड़ा हुआ था और नौ साल से वह उसे जानती थी। तीन साल से आरोपी उसे सौ फीट रोड स्थित अपने गैराज में बुलाकर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर रहा था। शादी के लिए बार-बार कहने पर भी आरोपी टालमटोल करता रहा। दुष्कर्म से वह गर्भवती हो गई, जब इस बात का पता उसे लगा तो उसके जातिगत गालीगलौज की और शादी करने से इंकार कर दिया। साथ ही बच्चे को गिराने का दबाव बनाने लगा और ऐसा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। इस मामले में डिप्टी ने जांच-पड़ताल कर पीड़िता के 164 के बयान कलमबद्ध करवाये। आरोपी सदाकत पर आरोप प्रमाणित होने पर उसे गिरफ्तार किया, घटनास्थल की तस्दीक कर मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया।

यौमे आशूरा पर आज दो चरणों में निकलेंगे ताजिए

अंबावगढ़ दरगाह पर रोजा इफ्तार का आयोजन

उदयपुर (वि.)। नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन और उनके साथ कर्बला में शहीद हुए जानिसारों की शहादत की याद में बुधवार को दो चरणों में ताजियों का जुलूस अकीदत और मोहब्बत के साथ निकाला जाएगा। बड़ा ताजिया (पलटन) कमेटी के शाहनवाज खान ने बताया कि मोहर्रम माह की 10वीं तारीख यौमे आशुरा को मुस्लिम समाज द्वारा उदयपुर शहर के हरवेंजी का खुर्रा से सुबह 10 बजे छोटे ताजियों का जुलूस निकाला जाएगा जो मोती चौहट्टा, घंटाघर, गणेश घाटी होते हुए घड़िया देवरा पांडुवाड़ी पर सम्पन्न होगा। वहीं दूसरे चरण में बड़े ताजियों का जुलूस शाम 4 बजे तीज का चौक से शुरू होकर चौखला बाजार, भडभुजा घाटी, बड़ा बाजार, घंटाघर, जगदीश चौक होते हुए लालघाट पर सम्पन्न होगा। वहीं दूसरी ओर मंगलवार शाम को धोली बावड़ी स्थित हुसैनी चौक में अल नवाज कमेटी के जफर हुसैन की ओर से यौमे आशूरा के मौके पर रखे जाने वाले पहले रोजे का इफ्तार प्रोग्राम आयोजित किया गया जिसमें रोजेदारों ने अपना रोजा इफ्तार कर दुआएं की व रात्रि को मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में ताजिया को जियारत के लिए रखा गया जहां पर अकीदतमंदों ने मन्नतें उतारी एवं ताजियों पर मेवा, फरूट, मिठाई, मुंगफली, नारियल, चांदी से बने सेहरे एवं फूल, अगरबत्ती चढ़ाई। धोली बावड़ी, अलीपुरा एवं पल्टन ताजिया पर जायरीनों की भारी भीड़ देखी गई। शहर की मस्जिदों में भी महफिले मिलाद और विशेष इबादत के बाद मुल्क में अमन-चैन के लिए दुआएं मांगी गई। इस अवसर पर ताजिया की जियारत वाले मार्गों पर सबीले सजाई गई जहां पर खीर, हलवा, पुलाव, ठंडा पानी एवं विभिन्न प्रकार के शीतल पेय तबर्रुक के रुप में बांटा गया। साथ ही मुस्लिम मोहल्लों में आम न्याज के आयोजन हुए जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने तबर्रुक का लुत्फ उठाया।

धोली बावड़ी स्थित हुसैनी मस्जिद के बाहर हुसैनी चौक में रोजा इफ्तार करते हुए रोजेदार।

यौमे आशूरा के मौके पर 10वां रोजा इफ्तार प्रोग्राम आज

इल्मी व बरेलवी सुन्नी मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के मोहसिन हैदर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहर के अंबावगढ़ पहाड़ी स्थित हजरत गंज शहिदा सरकार अंबावगढ़ वाले बाबा की दरगाह परिसर में यौमे आशूरा के मौके पर 10वां रोजा इफ्तार का प्रोग्राम रखा गया है जिसमें शहर भर के रोजेदार अपना रोजा इफ्तार करेंगे। इफ्तार का वक्त शाम को 7.30 बजे होगा। इस अवसर पर कमेटी के अब्दुल हुसैन खान, शेख जाकिर हुसैन, वाहिद शेख, मोहसिन हुसैन अजहरी, नईम अहमद, आरिफ खान, आबिद हुसैन, अमजद रजा, हबीब नबी खान, फिरोज खान, अनवर मंसूरी, समीर भाई, इलियास खान सहित अन्य कमेटी के मेंबर मौजूद रहेंगे।

आशूरा पर अज़ादारी का जुलूस, आंख में आंसू, दिल में गम-ए-हुसैन

उदयपुर। दाउदी बोहरा समुदाय ने अपने इमाम, इस्लाम के पैगम्बर मुहम्मद साहब (स.अ.व.) के नवासे, हज़रत अली (अ.स.) और सैय्यदा फातिमा (अ.स.) के बेटे इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत की याद में यौम ए आशूरा मनाया। 10 मुहर्रम मंगलवार को इमाम हुसैन की शहादत की याद में हर वर्ष निकलने वाला अज़ादारी जुलूस नमाज़ ए ज़ोहर के बाद अंजुमन ए फ़िदायाने हुसैनी द्वारा बोहरवाड़ी स्थित मोहियतपुरा मस्जिद से और वजीहपुरा मस्जिद तक निकला गया। दाऊदी बोहरा जमात के प्रवक्ता मंसूर अली ओड़ावाला ने बताया कि जुलूस में इमाम हुसैन के भाई मौला अब्बास के अलम निकाले गए। जुलूस में मार्ग के दोनों ओर समाज की महिलायें आंखों में अपने इमाम का ग़म लिए खड़ी हुई थी। छोटे-छोटे मासूम बच्चे भी या हुसैन या अली पुकार के मातम कर रह रहे थे। इससे पूर्व 15 और 16 जुलाई की दरमियानी रात को मस्जिद वजीहपुरा में मजलिस के बाद युवाओं ने इमाम हुसैन और मौला अब्बास का मातम किया। जुलूस में असरार जावरिया वाला, मुजम्मिल, सरफ़राज़ मुहिब, मोइज़ अली एन्ड पार्टी मातमी नौहा पढ़ते हुए चल रहे थे। जुलुस के संचालन को अंजुमन ए फिदायाने हुसैनी के कार्यकर्ताओं ने अंजाम दिया। दाउदी बोहरा जमात के सचिव ज़ाकिर हुसैन पंसारी ने बताया की जुलूस के फ़ौरन बाद वजीहपुरा मस्जिद में इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत मुल्ला पीर अली साहब द्वारा वजीहपुरा मस्जिद में पढ़ी गई। आशूरा के दिन सामूहिक इफ्तारी का आयोजन भी किया गया। मग़रिब ईशा की नमाज़ सामूहिक नियाज़ का आयोजन बोहरवाड़ी स्थित जमाअतखाना में रखा गया। रात को शाम ए गरीबां की मजलिस का आयोजन वजीहपुरा मस्जिद में किया गया, जिनमें जनाब अली असगर मस्जिद में बत्ती गुल कर अंधेरे में शाम ए गरीबां का मंज़र पेश किया जबकि असरार अहमद जावरिया वाला सलाम ए आखिर पेश किया।

मोहर्रम पर यातायात व्यवस्था में विशेष बदलाव

उदयपुर। शहर में बुधवार को मोहर्रम पर ताजियों का जुलूस निकाला जाएगा। ताजियों के जुलूस निकलने के दौरान घण्टाघर, जगदीश चौक एवं गणगौर घाट पर काफी संख्या में लोग एकत्रित होंगे। इसको देखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष यातायात व्यवस्था की है।

इन रास्तों पर दोपहर 12 बजे बाद होगा प्रवेश निषेध

- रंग निवास से भट्टियानी चौहट्टा होकर जगदीश चौ की तरफ।
- चांदपोल से गडिया देवरा होकर जगदीश चौक की तरफ।
- हाथीपोल, हरबेनजी का खुर्रा, मोती चौहट्टा होकर घण्टाघर की तरफ।
- पुराना कन्ट्रोल रूम, अस्थल मन्दिर से मुखर्जी चौक, सिंधी बाजार, तेलियों की माता, बडा बाजार होकर घण्टाघर की तरफ।
- भडभूजा घाटी से बड़ा बाजार होकर घण्टाघर की तरफ।
- देहलीगेट से तीज का चौक धानमण्डी, चौखला बाजार, भडभुजा घाटी की तरफ।
- इसके साथ ही हाथीपोल से चांदपोल की तरफ जाने वाले चार पहिया वाहन झरिया मार्ग टी पोइन्ट, शिक्षा भवन, काला किवाड़, आयुर्वेदिक चौराहा की तरफ से जा सकेगें।

घर से किश्तें लेकर जमा नहीं करवाई, एजेन्ट ने हड़पा पैसा

नगर संवाददाता . उदयपुर। जिले के ऋषभदेव थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने एक फाईनेंस कंपनी के ऐजेन्ट के खिलाफ घर से नकद किश्त ले जाकर जमा नहीं करवाने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार शांतिलाल पुत्र नाथू मीणा निवासी बिलख किकायत फला राकडा ऋषभदेव ने खुमेन्द्र कुमार भटट निवासी भटेवर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया कि अक्टूबर 2020 में कल्याण ट्रैक्टर्स सलुम्बर के सैल का कैम्प ऋषभदेव बस स्टेण्ड पर लगा था। जहां पर खुमेन्द्र कुमार भटट निवासी भटेवर जो एक फाईनेंस कम्पनी का एजेन्ट था। जिसने 1.70 लाख रूपए नकद डाउन पेमेन्ट देकर शेष का फाईनेंस कंपनी से फाइनेंस करवाया जिसकी साल में 4 किश्ते थी, और प्रति किश्त 38 हजर 500 रूपए जमा करवाना तय किया था। उसके अनुसार एजेन्ट खुमेन्द्र कुमार भट्ट उसके घर आकर किश्ते ले जाता था कि माह अक्टूबर 2022 में भी खुमेन्द्र कुमार भटट् उसके घर से नकद किश्त 38 हजार 500 रूपए ले गया, लेकिन खमेन्द्र कुमार भटट ने यह किश्त कम्पनी में जमा नहीं करवाई। यह फाईनेंस कंपनी कुछ बाद एक बैंक में मर्ज हो गई और इस बैंक ने उसे अक्टूबर 2022 की किश्त जमा नहीं होने का नोटिस मिला जिस पर उसने खुमेन्द्र कुमार मटट से सम्पर्क कि तो उसने अक्टूबर 2022 की किश्त कंपनी ने जमा करवाने का झूठा आश्वासन दिया, जबकि उसने पैसा जमा नही करवाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ठेकेदार पर हमला कर घायल करने व बाइक तालाब में फेंकने में तीन गिरफ्तार

नगर संवाददाता . उदयपुर। शहर की गोवर्धनविलास थाना पुलिस ने एक ठेकेदार पर तलवार से हमला कर घायल करने और उसकी बाईक में तोड़फोड़ कर बाईक को तालाब में फैंकने में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी भवानी सिंह राजावत ने बताया कि शंकर पुत्र भैराजी मीणा निवासी उपला गोयरा बारापाल ने मामला दर्ज करवाया कि उसके मौसा ठेकेदार का काम करते है, जिनके पास वह और राहुल पुत्र रमेश मीणा खजुरी भी काम करते है। राहुल उसके मौसाजी से रूपए मांग रहा था तो उसके पैसे दे दिए। वह 12 जून को करीब 2 बजे तलाब रोड पर राहुल पुत्र रमेश, दीपक मीणा बारापाल, राहुल मीणा एवं इनके साथ 2-3 अन्य व्यक्ति आए। राहुल मीणा ने उसके मौसाजी को मारने का प्रयास किया। यह देखकर वह उसका भाई महेन्द्र व राकेश तीनों बीच बचाव करने गए तो राहुल ने बीयर की खाली बोतल उसके कान पर मारी, जिससे कान के अंदर चोंट। आरोपी उसके मौसा की बाईक ले गए और बाईक में तोड़फोड़ कर उसे तालाब में फैंक दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर इस प्रकरण में थानाधिकारी के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल भैरू लाल, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, ईश्वर कुमार की टीम ने जांच करते हुए संजय पुत्र रमेश मीणा, नितेश पुत्र नवलराम मीणा निवासी बाजार फला बारापाल गोवर्धनविलास और राहुल पुत्र रमेश मीणा निवासी पानवा फला बारापाल गोवर्धनविलास को गिरफ्तार किया।

सिक्योरिटी में दिए चैक का दुरूपयोग करने का मामला

नगर संवाददाता . उदयपुर। शहर के सविना थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने एक पैट्रोल पंप की प्रोपराईटर और मैनेजर के खिलाफ सिक्योरिटी एवज में दिए गए चैक का दुरूपयोग करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार अब्दुल रऊफ पुत्र आरिफ मोहम्मद उर्फ बुंदु भाई निवासी चित्रकूट नगर मेलडी माता ने मैसर्स मां कालिका फिलिंग स्टेशन की प्रोपराईटर रेखा सुहालका पत्नी राजेश सुहालका सेक्टर 14, मैनेजर इन्दर सिंह राठौड के खिलाफ मामला दर्ज करवाय कि वह अपने डम्पर में कालिका फिलिंग स्टेशन के यहां से डीजल भरवाता था और डीजल भरवाने के साथ साथ उसी समय उसका भुगतान भी कर देता था। कभी-कभी कुछ राशि शेष रह जाने पर वह बाद में हिसाब कर देता था। पेट्रोल पम्प के मैनेजर इन्दरसिंह राठौड यदि कोई बाकियात रह जाती तो उसका हिसाब वॉट्स एप के माध्यम से भेज देता था। सितम्बर 2023 तक का हिसाब मैनेजर इन्दरसिंह ने उसे भेजा और उसने उसका चैक दे रिया। इस पर उसने पूर्व में सिक्योरिटी के एवज में दिए गए चैक की मांग की तो बताया कि चैक गुम हो गया है और बाद में दे दिया जाएगा। कुछ समय बाद नोटिस मिला कि जो चैक गुम होना बताया था उसमें मनमानी रकम भरकर बैंक से अनादरित करवा दिया। नोटिस में बताया कि 1 अप्रैल 2023 से 13 दिसम्बर 2023 तक उसने 29 लाख 53 हजार 760 रूपए का का डीजल भरवाया और इतने समय में उसने 3.09 लाख रूपए ही अदा किए, जबकि उसका कोई हिसाब बाकी नहीं है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शराब पार्टी के बाद बिल चुकाने पर विवाद, एक युवक दूसरी मंजिल से कूदा

युवक के हाथ-पांव टूटे, शेष तीन दोस्त फरार

नगर संवाददाता . उदयपुर। शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र के सबसिटी सेंटर में एक रेस्टोरेंट में शराब पार्टी का बिल चुकाने की बात पर 4 दोस्त आपस में लड़ पड़े। इस दौरान हुई मारपीट से बचने के लिए एक युवक नशे में रेस्टोरेंट की दूसरी मंजिल से नीचे कूद गया और घायल हो गया। इसके तीनों साथी फरार हो गए। जानकारी के अनुसार सबसिटी सेंटर स्थित महाराजा वेज एंड नॉन वेज रेस्टोरेंट पर मंगलवार दोपहर में 4 दोस्त शराब पार्टी करने पहुंचे। पार्टी करने के बाद बिल देने की बात चारों में विवाद हो गए। कुछ ही देर में चारों एक-दूसरे से उलझ गए और मारपीट करने लगे। इसी दौरान बचने के लिए एक युवक रेस्टोरेंट की दूसरी मंजिल पर खिड़की से बाहर कूद गया। वह बिजली के तारों से उलझता हुआ नीचे जा गिरा, जिससे उसके हाथ-पैर फ्रेक्चर हो गए। गनीमत रही की उसे करंट नहीं लगा, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे को देख आस-पास के लोग जमा हो गए। भीड़ को देख अन्य तीनों युवक फरार हो गए। सूचना पर हिरणमगरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फिर एंबुलेंस से घायल को इलाज के लिए एमबी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। इस प्रकरण में किसी पक्ष की ओर से मामला दर्ज नहीं करवाया गया है।

जमीन विवाद में हुए डबल मर्डर के बाद घर छोड़कर भाग रहे परिजनों का करवाया पुनर्वास

नगर संवाददाता . उदयपुर। जिले के ओगणा थाना क्षेत्र में सात साल पहले हुए जमीन विवाद में हुए डबल मर्डर के बाद से ही एक पक्ष के पांच परिवार बदले के डर से सात साल पूर्व ही गांव छोड़कर इधर-उधर भटक रहा था, जिसे पुलिस ने दोनों पक्षों में समझाईश कर पुन: पुर्नवास करवाया।

ओगणा थानाधिकारी अजयराज सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के हीरूमाला में साल 2017 में दो परिवारों में जमीन विवाद को लेकर खूनी संघर्ष हो गया था। इस बीच एक पक्ष के दो भाइयों तेज सिंह और पुन सिंह की मौत हो गई। मामले को लेकर दोनो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ क्रोस केस दर्ज करवाया। कोर्ट ने एक पक्ष के पांच लोगों को जेल भेज दिया। इस दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने पांच घरों के परिवार जनों को डराया, जिससे ये सभी अपने घर और जमीन को छोड़ पलायन कर गए। जब पांचों आरोपी जेल से सजा काट कर वापस आए तब अपने घरों से सभी लोगों के पलायन कर जाने की बात पता चली। इस पर उन्होंने झाड़ोल तहसीलदार के समक्ष पेश होकर सहयोग मांगा। इस पर प्रशासन की पहल पर ओगणा थानाधिकारी अजय राज सिंह पुलिस जाब्ते के साथ हीरूमाला पहुंचे और दोनों पक्षों को बुलाकर वार्ता की। पुलिस ने स्थानीय मौतबीरों के सहयोग से समाज स्तर और प्रशासनिक स्तर पर तीन दिन तक दोनों पक्षों से वार्ता की। जमीन विवाद को लेकर हुई हत्या के कारण दोनों पक्षों में हुए विवाद को खत्म कर दोनों पक्षों में राजीनामा करवाया। इसके बाद पुलिस ने सभी को गुड़ खिलाकर पलायन कर गए। परिवारों का हीरूमाला में अपने ही घरों में पुनर्वास करवाया।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक : उविप्र/नियमन रिकार्ड/2024/2193 — **आम सूचना** — दिनांक : 03/07/2024

निम्न आवेदनकर्ता द्वारा अपने भूखण्डों का वारिसान के आधार पर अपने नाम पर नामानारण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है :-

क्र. सं.	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	राजस्व ग्राम	आवेदक का नाम/ पिता/का नाम	मृतक का नाम/ दस्तावेज
1.	32 (Mut No. 2537)	1250 वर्गफीट	पारडा खसरा नं. 913 से 916, 923, 924, 915/1128, 916/1129	श्री अकलेश भारद्वाज भारद्वाज पिता स्व. श्री प्रेमकांत भारद्वाज	श्रीमती पुष्पा भारद्वाज पत्नी स्व. श्री प्रेमकांत भारद्वाज का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 25.08.2023 एवं पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 02.08.2011

अतः उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामानारण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था/ फर्म को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/ एतराज हो तो अपनी आपत्ति मय आधारों सहित सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि मे इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सबंधित शाखा प्रभारी के लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवदेक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामानारण- पत्र/ लीजडीड जारी किया जा सकेगा।

(डॉ. अभिनव शर्मा) तहसीलदार- उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

नव निर्माण संघ, भूपालपुरा, उदयपुर (राज.)

पत्रांक : 2024-25/ NNSU/B.RENO — दिनांक : 17.07.2024

खुली निविदा सूचना संख्या 01/2024-25

खादी और खामोद्योग आयोग द्वारा स्वीकृत योजना भण्डार रिनोवेशन के अन्तर्गत स्वीकृत राशि से संस्था के खादी शोरूम में विभिन्न कार्य कराये जाने हैं, जिसकी अनुमानित लागत 18-00 लाख है, के लिये सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। ईच्छुक जीएसटी पंजीकृत फर्मों से दिनांक 23-07-2024 दोपहर 12.00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य की जानकारी कार्यालय समय में देखी का सकती है।

क्र. सं.	मद	अनुमानित खर्च (लाख)
1.	फर्नीचर नया एवं रिपेयर कार्य	11.00
2.	भवन रंगाई	2.00
3.	लाईट नया एवं रिपेयर कार्य	2.00
4.	फ्लेक्स एवं साईन बोर्ड	2.00
5.	सिविल रिपेयर कार्य	1.00

अध्यक्ष — नव निर्माण संघ, उदयपुर
मंत्री — नव निर्माण संघ, उदयपुर

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
जोधपुर 342304, राजस्थान, भारत

F.3 ( )/Acctt./AU/Jodhpur/2024-25/235 — Date :- 12/07/2024

ई-निविदा 04/2024-25

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा कुलपति निवास हेतु फर्नीचर की खरीद के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी विस्तृत विवरण एवं जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN No. : JAU2425GLOB00062, EPROC ID: 2024_AGUJD_405225_1

राज.संवाद/सी/24/2343 — नियंत्रक (वित्त), कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

कार्यालय नगर निगम जयपुर, हैरिटेज जयपुर
(नलेबी चौक, पुराना पुलिस मुख्यालय भवन, जयपुर)

क्रमांक :- एफ-28 ( )अधि.अभि.प्रो./नगिज है/2024-25/00291/176 — दिनांक :- 16/07/2024

ई-निविदा संख्या 12,13,14,15 एवं 16/2024-25

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम जयपुर हैरिटेज से संबंधित कार्यो की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर, हैरिटेज की बेवसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, www.jaipurmcheritage.org एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर UBN No. JMC2425WSOB00311, UBN No. JMC2425WSOB00312, UBN No. JMC2425WSOB00313, UBN No. JMC2425WSOB00314 and UBN No. JMC2425WSOB315 पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

राज.संवाद/सी/24/2386 — अधिशाषी अभियन्ता (प्रो0) नगर निगम जयपुर हैरिटेज

JM FINANCIAL

जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
कॉर्पोरेट पहचान संख्या: U67190MH2007PLC74287
पंजीकृत कार्यालय: 7वीं मंजिल, सेनर्जी, अप्पासाहेब मराठे मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई 400025

संपर्क व्यक्ति : 1. पुनित बोहरा- 9413746022, 2. रोहन सावंत- 9833143013, 3. ज्योति सावंत- 022 - 6224 1676
Website - www.jmfinancialarc.com

ई-नीलामी बिक्री सूचना- आगामी बिक्री

पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति ब्याज अधिनियम, 2002 ('सरफेसी अधिनियम') की धारा 5 (1) (बी) के तहत सभी अधिकारों, स्वामित्व और ब्याज के साथ अंतर्निहित प्रतिभूति ब्याज के साथ ऋण (नीचे उल्लिखित ऋणों सहित) का एक पूल सौंपा है, जो जेएमएफएआरसी (जेएम) के पक्ष में 29 मार्च, 2023 ('असाइनमेंट एग्रीमेंट') के एक असाइनमेंट समझौते के तहत जेएमएफएआरसी-अरण्य-ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य कर रहा है। यह अधिसूचित करने के लिए है कि पी. सी. एच. एफ. एल. असाइनमेंट/सर्विस एग्रीमेंट के माध्यम से सभी परिचालन और प्रक्रियाओं की प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए सेवा प्रदाता/संग्रह एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत और नियुक्त है।

उधारकर्ताओं से देय राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत सुरक्षित ऋणदाता के अधिकृत अधिकारी द्वारा यहां उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति पर कब्जा करने के लिए, अचल संपत्ति की खरीद के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, जैसा कि यहां बताया गया है, जो भौतिक कब्जे में है, 'जैसा है जहां है के आधार पर', 'जैसा है जो है के आधार पर' और 'जो है वह है के आधार पर', जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

कर्ज कोड/शाखा/ कर्जदार/ सह-कर्जदार / गारंटर	मांग सूचना दिनांक और राशि	संपत्ति का पता -अंतिम	आरक्षित मूल्य	बयाना राशि जमा (ईएमडी) (आरपी का 10%)	बकाया राशि (09.07.2024)
ऋण कोड संख्या: 15300002651, उदयपुर (शाखा), विक्रम सिंह सारंगदेवोत (उधारकर्ता), यशोदा कुंवर (सह-उधारकर्ता 1)	दिनांक: 04-11-2022, रु. 22,99,956/- (रु. बाईस लाख निन्यानबे हजार नौ सौ छप्पन मात्र)	संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल जिसका विस्तार है:- प्लॉट नंबर 4 और 5 देव गांव पीपरड़ा, खसरा नंबर 670, 671 राजसमंद राजसमंद उदयपुर राजस्थान:- 313324	रु. 13,52,700/- (रु. तेरह लाख बावन हजार सात सौ मात्र)	रु. 1,35,270/-, (रु. एक लाख पैंतीस हजार दो सौ सत्तर मात्र)	रु. 30,60,272/- (रु. तीस लाख